Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to construct four lane road on National Highway - 31 alongwith a Express highway from Rajauli to Bakhtiyarpur in Nawada Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री चंदन सिंह (नवादा) : मेरे संसदीय क्षेत्र नवादा (बिहार) के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या - 31, राजौली से बख्तियारपुर तक की स्थिति काफी खराब है । यह सड़क गुवाहाटी (आसाम) से बरही (हजारीबाग, झारखंड), नवादा, बिहारशरीफ़ और बख्तियारपुर का महत्वपूर्ण लिंक है । राजौली से बख्तियारपुर की जर्जर हालत को देखते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के द्वारा उक्त सड़क खंड को दो लेन से चार लेन में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया था एवं इस खंड को तीन पैकेज से विभाजित कर निर्माण किया जाना है । इस संबंध में, मैं सरकार को अवगत कराना चाहता हूँ कि विगत कई वर्षों से नवादा की आम जनता फोर लेन सड़क पर यात्रा करने का सपना देख रही है, लेकिन यह सपना कब पूरा होगा, कहा नहीं जा सकता है, क्योंकि अभी तक यह योजना सिर्फ फाइलों में ही नज़र आ रही है । राजमार्ग 31 फोर लेन के साथ ही एक्सप्रेसवे होने से पर्यटकों का अधिक समय यात्रा करने में नहीं बीतेगा एवं इसके साथ ही साथ कृषि व पर्यटन के बूते बिहार को विकसित राज्य बनाने का सपना देख रही सरकार को इसके निर्माण से काफी मदद मिलेगी । कृषि उत्पादन को अन्य प्रदेशों में भेजने में भी काफी आसानी होगी जिसका सर्वाधिक लाभ किसानों व व्यवसायियों को होगा । किसानों के समृद्ध होते ही राज्य के लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, वहीं पर्यटकों का ठहराव नालंदा, राजगीर, बोधगया व पावापुरी के साथ नवादा में हो सकेगा ।

अत: मैं सरकार से मांग करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या - 31, राजौली से बख्तियारपुर तक अविलम्ब फोर लेन के साथ-साथ एक्सप्रेसवे का निर्माण करवाया जाए ।